# NSS के अंतर्गत चार इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह

दिनांक 31 मार्च 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महंत अवेद्यनाथ इकाई, मैत्रैई इकाई, गार्गी इकाई एवं स्वामी विवेकानंद इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना नृत्य तथा एनएसएस गीत से हुई।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डी. एस. अजीथा अधिष्ठाता नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय और डॉ. रोहित कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य) नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित किया। उनके प्रेरक उद्बोधन से स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। डॉ. डी. एस. अजीथा ने कहा की NSS का मुख्य उद्देश्य है – "Not Me But You" अर्थात "स्वयं से पहले समाज"। यह योजना हमें न केवल समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराती है, बल्कि हमें एक अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा भी देती है। NSS हमें सिखाता है कि सच्ची सेवा वही है, जो निःस्वार्थ भाव से की जाए।

